# बी.डी.एम.इंटरनेशनल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी



**कोलकाता, 28 जुलाई (नि.प्र.)।** बीडीएम इंटरनेशनल में छात्र नेतृत्व, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मधुमिता सेनगुप्ता ने अपने प्रेरणादायी संबोधन दिया। विद्यालय के सी.ई.ओ. श्री एस. एल. गुप्ता ने नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बधाई दी। समारोह की मुख्य अतिथि सुश्री जॉयिता बिस्वास, विशिष्ट अतिथि श्री कल्याण मुखोपाध्याय थे। इस अवसर पर विद्यालय के नव-निर्वाचित प्रेसिडेंट, वाइस प्रेसिडेंट, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी,कल्चरल सेक्रेटरी, हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन्स तथा अन्य छात्र पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से बैज एवं सैश प्रदान कर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। छात्र परिषद के सदस्यों ने विद्यालय की गरिमा एवं आदर्शों को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ यह समारोह विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व बोध एवं सेवा भावना के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।